राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : व्यवसाय अध्ययन

पाठ 9 : बैंकिंग सेवाएं

कार्यपत्रक - 9

1. बैंक जमाकर्ताओं और उधारकर्ताओं के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। इस कथन के आलोक में, बैंक का अर्थ स्पष्ट कीजिये ।
2. एक राष्ट्र के विकास में एक बैंक कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?स्पष्ट कीजिये।
3. आपके मित्र को बैंक और साहूकार के बीच का अंतर नहीं पता है। उसे सरल तरीके से दोनों के बीच का अंतर स्पष्ट कीजिये।
4. उनके द्वारा प्रदान किए गए कार्यों के आधार पर बैंकों के वर्गीकरण पर चर्चा कीजिये ।
5. श्री शिखर एक लघु उद्योग इकाई का संचालन करते हैं। उसे अपनी इकाइयों के विकास के लिए धन की आवश्यकता है। आपके अनुसार, व्यवसाय के लिए धन जुटाने के लिए उसे किस बैंक से संपर्क करना चाहिए। लिखिए।
6. बैंकिंग के क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम और अपने ग्राहकों को दी जाने वाली नवीनतम सुविधाओं पर चर्चा करिये ।
7. आप मित्र एक बचत बैंक खाता खोलना चाहते हैं। उसे बचत बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिये ।
8. ऋषभ भविष्य में उपयोग के लिए अपनी बचत जमा करता है। उसे किसी काम के लिए पैसे की जरूरत है और वह बैंक से पैसा निकालना चाहता है। किस तरीके से वह पैसे की निकासी कर सकता है।वर्णन कीजिये।
9. सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में उन्नति के साथ, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और एटीएम आदि के माध्यम से बैंकिंग इलेक्ट्रॉनिक रूप से की जाती है। इस कथन के आलोक में स्पष्ट कीजिये कि क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और एटीएम किस तरह बैंक के ग्राहकों की मदद करते हैं।
10. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों का वर्णन कीजिये ।